# तृतीय पत्रम्

## हिन्दी

समयः तीन घन्टे | पूर्णाङ्क 100

अ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (20×2=40)

1. हिन्दू उत्तराधिकार नियम कब बना?

2. एक भाषा कोश किसे कहते हैं?

3. रुढ़ शब्द किसे कहते हैं?

**अथवा**

"पंकज" कैसा शब्द है?

4. उच्चारण कोश किसे कहते हैं?

5. मन्नू भण्डारी के अनुसार 'चिलम' से क्या तात्पर्य है?

6. 'गुनाहों के देवता' किसकी रचना है?

7. राष्ट्रभाषा से क्या तात्पर्य है?

8. कवि ने बादलों को किसपर घिरते देखा है?

**अथवा**

मुन्शी प्रेमचन्द्र की कितनी रचनाऐं है, नाम लिखिए।

9. 'धर्मधुरन्धर' शब्द का अर्थ बताइए?

10. "संक्षेपण" अंग्रेजी के कौन-से शब्द का पर्याय है?

11. प्रगतिवाद को परिभाषित कीजिए।

**अथवा**

कमल शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

12. प्रयोगवाद के जनक कौन हैं?

13. नई कविता क्या है?

**अथवा**

अभिधा शक्ति किसे कहते है?

14. प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना कब हुई थी?

15. नागार्जुन का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

16. आठ-सिद्धियाँ कौन-कौन सी हैं?

17. सात स्वर कौन-कौन से हैं?

18. तारा सप्तक में कितने कवियों की रचनाओं को प्रकाशित किया गया था?

**अथवा**

लेखिका जली भूनी क्यों थी।

19. निम्नलिखित शब्दों से उपसर्ग और प्रत्यय छाँटिए

(क) पराजय

(ख) पुनर्जन्म

(ग) बेरहम

(घ) खेलनहार

20. 'टिप्पड़' शब्द अंग्रेजी के किस शब्द का पर्याय है?

**ब. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(5×8=40)**

21. सन्दर्भ निर्देशक पूर्वक व्याख्या कीजिए।

"सात स्वरों पर ज्यों टिका, सारा राग समाज।
जन, धन, बल, मंत्री सुहृद, प्रभु रक्षण पर राज॥
प्रथा, रीति, परिधानविधि, लौकिक समुदाचार।
सब परिवर्तनशील है, समय-समय अनुसार॥"

22. प्रयोगवाद एवं प्रगतिवाद की व्याख्या कीजिए?

**अथवा**

संपर्क भाषा के उपयोगिता के विषय में संक्षेपेण में लिखिए।

23. देवनागरी लिपि की विशेषताओं को लिखिए?

**अथवा**

"चरखा निरन्तर और निष्ठायुक्त प्रक्रिया" का प्रतीक किस प्रकार है?